शनिवार
21 अक्टूबर 2023



पृष्ठ 4
उपवास के दौरान करें इन फलों का सेवन.. मिलेगी भरपूर ऊर्जा



पृष्ठ 5
यारियां 2 का गाना ब्लू है पानी पानी जारी, अरिजीत और नेहा कक्कड़ ने लगाए सुर



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 251
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**
मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होती और जागते रहने से भय नहीं होता।
— चाणक्य

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## पुलिस शहीद कल्याण कोष में दी जायेगी दो करोड़ रुपये की धनराशिः सीएम



संवाददाता

देहरादून। पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धाजलि देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सेवा के दौरान पुलिस कर्मियों की अकाल मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को तत्काल 01 लाख रूपये आर्थिक सहयोग दिये जाने के लिए पुलिस शहीद कल्याण कोष के लिए 02 करोड़ रूपये की धनराशि दी जायेगी।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस लाईन, देहरादून में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर पुलिस एवं अर्द्ध सैन्य बलों के शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उत्तराखण्ड के शहीद पुलिस जवानों के परिजनों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चार घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान पुलिस कर्मियों की अकाल मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को तत्काल 01 लाख रूपये आर्थिक सहयोग दिये जाने के लिए पुलिस शहीद कल्याण कोष के लिए 02 करोड़ रूपये की धनराशि दी जायेगी। अराजपत्रित पुलिस कर्मचारियों का निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायेगा। अगले तीन वर्षों में पुलिस कर्मियों के आवास हेतु 100 करोड़ रूपये की धनराशि का प्राविधान किया जायेगा। पुलिस विभाग में मृतक आश्रितों की भर्ती संबंधी अड़चनों को दूर किया जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने का उत्तरदायित्व राज्यों की पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बलों का है। अपने इस उत्तरदायित्व को निभाते हुए पुलिस कर्मी अपने जीवन की आहुति को भी तत्पर रहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस व्यवस्था किसी भी राज्य की सुरक्षा एवं समृद्धि का एक आवश्यक अंग है। हमारे राज्य की पुलिस भी सेवा की भावना के अनुरूप कार्य करते हुए शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए अनेकों चुनौतियों नशा, साइबर क्राईम, महिला अपराध, यातायात व्यवस्था, चारधाम यात्रा, आपदा, भूस्खलन, कांवड़ यात्रा आदि का प्रबंधन करती है। उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा इस

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## फायर कर खुलेआम दबंगई दिखाने वाले 4 छात्र गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। थूकने को लेकर हुए विवाद में खुलेआम दबंगई दिखाते हुए हवाई फायर कर लोगों में दहशत फैलाने वाले चार छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि चंद्रेश्वर नगर निवासी दीपक जयसवाल ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह रात्रि में मण्डी से सब्जी खरीदकर अपने घर की तरफ जा रहा था तभी चंद्रभागा पुल के पास खडी कार की पिछली सीट पर बैठे एक व्यक्ति द्वारा शीशा खोलकर बाहर की ओर बिना देखे थूक दिया जोकि उनके ऊपर गिरा। उक्त व्यक्ति को टोकने पर उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी कार में बैठे अन्य लोगों ने हाकी व लोहे की रॉड से हमला कर बन्दूक फायर कर वहां से भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो एक वाक्सवैगन पोलो कार एएस 01डीबी 1317 को होना प्रकाश में आया तथा उक्त कार के श्रीनगर गढवाल की ओर जाने की जानकारी मिली। जिसके बाद तत्काल एक टीम को श्रीनगर गढवाल मार्ग पर रवाना किया गया तथा उक्त

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## गगनयान के क्रू एस्केप मॉड्यूल ने की सफल लैंडिंग

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से गगनयान के क्रू एस्केप मॉड्यूल को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। सुबह साढ़े आठ बजे पहली उड़ान रद्द होने के बाद इसरो ने दुबारा परीक्षण उड़ान को संभव किया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान के क्रू एस्केप मॉड्यूल ने योजना के अनुसार सफल लैंडिंग की। इसरों ने इसका वीडियो भी जारी किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए इसरो को बधाई देते हुए पोस्ट किया और लिखा, ष्यह प्रक्षेपण हमें भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान को साकार करने के एक कदम और करीब ले जाता है। हमारे वैज्ञानिकों को मेरी शुभकामनाएं...। बता दें कि इससे पहले गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम से जुड़े पेलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान में विसंगति आ गई थी जिसका पता लगाकर दूर कर लिया गया।



## चुनावी तैयारियों के बीच भाजपा नेता को नक्सलियों ने मारी गोली

हमारे संवाददाता

छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर जिले के सरखेड़ा में नक्सलियों ने बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि यह घटना बीती रात 8:30 बजे की है, जब भाजपा मंडल के पूर्व महामंत्री बिरझू ताराम पूजा करके घर लौट रहे थे, तभी उन पर हमला कर दिया गया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं, घटना के बाद से ही क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

घटना मोहला मानपुर जिले के अंबागढ़ चौकी क्षेत्र का है। यहां एक चुनावी सभा भी हुई थी, जिसमें बीजेपी मंडल के पूर्व महामंत्री बिरझू भी शामिल हुए थे।



कार्यक्रम के बाद वह अपने गांव सरखेड़ी लौट आए, जहां बंदूक धारी नक्सलियों ने बीच बस्ती में उन्हें गोली मार दी। इस पूरी घटना में 8 से 10 बंदूकधारी नक्सलियों द्वारा भाजपा नेता पर एक के बाद एक गोली मारने की बात सामने आ रही है। वहीं घटना की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और विधानसभा क्षेत्र में चारों तरफ से नाकेबंदी भी कर दी गई है। इस पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी देवेंद्र दरों ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सरखेड़ी गांव में नक्सलियों ने बिरझू ताराम की हत्या कर दी गई है। बिरजू ताराम क्षेत्र के एक बड़े हिंदुत्ववादी नेता थे। इस इलाके में मिशनरीज और हिंदुत्वादी संगठनों में काफी समय से विवाद भी चल रहा है। एक साल पहले यहां हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियों को कुछ असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया था, जिसे पुलिस ने नक्सल घटना बताया था। बिरजू तारम काफी समय से इन सबके खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। उन्होंने मोहला-मानपुर में कई बार धर्मांतरण रोक के बड़े आंदोलन किए थे, जिसके चलते पुलिस धार्मिक ऐंगल से भी इस मामले की जांच कर रही है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# इस कुप्रथा का अंत जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल पहले रैपिड ट्रेन जिसे नमो मोदी का नाम दिया गया है, देश को समर्पित की गई। अभी बीते दिनों भारत ने चंद्रयान की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग कर नया इतिहास रचा था प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि भारत अब चंद्रमा पर पहुंच गया है। निसंदेह आजादी के इन 75 सालों में ज्ञान विज्ञान में भारत ने अपना डंका बजाया हो और विकास के ऐसे आयाम स्थापित किए हो जिन पर गर्व किया जाए, विश्व की पांचवी सबसे बड़ी और तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था की बात हो या फिर 2045 तक देश के विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल होने की बात हो लेकिन अभी बहुत कुछ ऐसा है जो नहीं होना चाहिए और उसे समाप्त करने की जरूरत है। देश एक तरफ अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है वहीं देश में आज भी कुछ ऐसी प्रथाएं जारी है जो इस झूठ प्रगति और उसके लिए बजाए जाने वाले ढोल को मुंह चिढ़ा रही है। कल देश की सबसे बड़ी अदालत द्वारा अपने एक फैसले में मैला ढोने और हाथ से सीवर की सफाई करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश देश के सभी राज्यों की सरकारों को दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस बात पर नाराजगी भी जताई गई है कि तमाम प्रयासों के बाद भी देश में मैन्युअल स्कैवेंजिंग का काम जारी है और सफाई कर्मियों की मौतें हो रही है। यहां यह उल्लेखनीय है कि 2013 में लाई गई पी एम एस आर अधिनियम में हाथ से मैला साफ करने व सीवर सफाई का काम किए जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था की गई थी लेकिन आज भी इस अधिनियम का पालन देश के 66 फीसदी जिलों में ही हो पा रहा है 34 फीसदी जिलों में अभी भी इस पर प्रतिबंध पूर्णतया लागू नहीं किया गया है। बड़ी साफ बात है कि अगर इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया होता तो सीवर सफाई के लिए होल में उतरने वाले लोगों की मौतों का सिलसिला भी स्वत: ही रुक गया होता। अभी संसद में एक सवाल का जवाब देते हुए बताया गया था कि 2023 में सीवर सफाई के दौरान नौ लोगों की मौत हुई थी। बीते 5 सालों में देश में सीवर सफाई के दौरान सरकारी आंकड़ों के अनुसार 339 लोगों की मौत की बात स्वीकार की गई है भले ही 2023 में सिर्फ 9 मौतें हुई हो लेकिन 2022 में 66 लोगों की मौत हुई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से सिर्फ हाथ से मैला ढोने या साफ करने और मैन्युअल स्कैवेंजिंग पर रोक लगाने के निर्देश ही नहीं दिए गए हैं अपितु मौत के मामलों में 30 लाख मुआवजा देने और विकलांगता की स्थिति में 20 लाख मुआवजा देने की बात भी की गई है। सवाल यह नहीं है कि उन्हें मुआवजा कितना मिले और उनके पुनर्वास तथा उत्थान के लिए क्या-क्या किया जाना जरूरी है सवाल यह है कि इस कुप्रथा का या अमानवीय प्रथा का अंत कब और कैसे होगा? आजादी के बाद देश से अनेक कुप्रथाओं का पूर्णतया अंत हो चुका है लेकिन 75 साल बाद भी यह प्रथा क्यों जीवंत बनी हुई है एक तरफ हम और हमारा संविधान और धर्म सभी को समानता का अधिकार की पैरवी करता है लेकिन इस समाज का एक वर्ग जो सर पर मानव मैला ढोने का काम करता आ रहा है वह आज भी उसी काम को करता रहे क्यों? खास बात यह है कि महात्मा गांधी ने इन सफाई कर्मियों को हरिजन और वर्तमान समय में इन्हें स्वच्छता कर्मी नाम देकर तो सम्मानित कर दिया गया मगर क्या इससे उन्हें समाज का सामाजिक न्याय मिल सका है। अगर मिला होता तो सुप्रीम कोर्ट को यह फैसला सुनाने की शायद कोई जरूरत ही नहीं पड़ती। देखना होगा क्या राज्यों की सरकारें इस पर शत प्रतिशत अमल कर पाती है या नहीं।

# सीएम धामी ने 90 करोड़ की धनराशि लाभार्थियों के खातों में की स्थानान्तरित

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 40 औद्योगिक ईकाइयों को स्वीकृत 90 करोडी की धनराशि लाभार्थियों के खातों में स्थानान्तरित कर दी।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने औद्योगिक विकास योजना के अन्तर्गत स्थापित उद्योगों को भारत सरकार से प्राप्त अनुदान धनराशि का डिजिटल स्थानान्तरण किया। मुख्यमंत्री ने 40 औद्योगिक ईकाइयों को स्वीकृत 90 करोड़ रूपये की धनराशि लाभार्थियों के खातों में स्थानान्तरित की। भारत सरकार की औद्योगिक विकास योजना 2017 के अन्तर्गत हिमालयी राज्यों उत्तराखण्ड एवं हिमाचल प्रदेश में औद्योगिकरण को प्रोत्साहित किये जाने के लिए स्थापित होने वाली विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र की इकाईयों को संयंत्र और मशीनरी में किये गये निवेश पर 30 प्रतिशत की दर से अधिकतम 05 करोड़ रूपये तक की सब्सिडी दी जाती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में उद्योगों के विकास के लिए औद्योगिक विकास योजना के माध्यम से राज्य को सहयोग प्रदान करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों के प्रोत्साहन, संवर्द्धन और विस्तारीकरण के लिए यह महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत लंदन, बर्मिंघम, दिल्ली, दुबई और अबू धाबी में विभिन्न निवेशक समूहों के साथ हुई बैठकों में राज्य में निवेश के लिए लगभग 55 हजार करोड़ के करार हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक जो करार हुए हैं, राज्य सरकार का प्रयास है कि 08-09 दिसम्बर 2023 को देहरादून में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट तक अधिकांश करारों को धरातल पर उतारने का कार्य पूर्ण हो जाय। उन्होंने कहा कि विभिन्न बैठकों में जो भी सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन सुझावों पर भी अमल किया जा रहा है। जो भी करार हुए हैं और प्रस्ताव आये हैं, उनका पूरा आंकलन कर आगे कार्य किये जायेंगे। निवेश के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले और प्राथमिक सेक्टर को मजबूत बनाने वाले प्रस्तावों एवं करारों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जो भी नीतियां बनाई हैं, निवेशकों, उद्योगों एवं उत्तराखण्ड के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई हैं। इस अवसर पर सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा एवं उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# जेकेवी मल्टी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी का डायरेक्टर गिरफ्तार

## ❑निवेश के नाम पर रकम दुगनी करने का झांसा देकर की थी करोड़ो की ठगी

हमारे संवाददाता

देहरादून। निवेश के नाम पर रकम दुगनी करने का झांसा देकर करोड़ो की ठगी करने वाले जेकेवी मल्टी क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी के डायरेक्टर को एसटीएफ द्वारा लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड में ठगी के 18 मामले दर्ज है। जिस पर 25 हजार का ईनाम भी घोषित था।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि कल हमारी टीम के द्वारा एक शातिर अन्तर्राज्यीय ठग को गाजीपुर से गिरफ्तार किया है जिसके ऊपर उत्तराखण्ड और यूपी में धोखाधड़ी व ठगी के करीब 18 मुकदमें दर्ज हैं। यह एक तरह का आर्गेनाइज क्राइम था जिसमें इसके द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर, एक जेकेवी मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव नामक सोसाइटी बनाकर , उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान व बिहार में अपनी ब्रांच खोलकर लोगों से भिन्न-भिन्न स्कीमों में ज्यादा ब्याज का लालच देकर करोड़ों रुपए की धनराशि निवेश करवाकर गबन किया गया था। बताया कि उक्त समिति की खटीमा तथा हल्द्वानी में भी ब्रांच थी जिसमें खटीमा में लोगों का करीब एक करोड़ 25 लाख तथा हल्द्वानी में करीब 90 लाख रुपये का गबन आरोपियों द्वारा किया गया था। बताया कि आरोपी विकास नाथ त्रिपाठी सोसाइटी में डायरेक्टर के पद पर था। आरोपी विकास नाथ त्रिपाठी थाना खटीमा जनपद उधम सिंह नगर तथा थाना हल्द्वानी जनपद नैनीताल में दर्ज मुकदमों में वांछित था तथा लम्बे समय से फरार चल रहा था। जिसके चलते उस पर 25 हजार का ईनाम भी घोषित था। करीब 2 वर्ष के बाद कल शाम गाजीपुर लखनऊ के एक होटल से इसकी गिरफ्तारी की गयी है जिसे देर रात्रि थाना खटीमा में टीम द्वारा दाखिल किया गया है। इसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए भी एसटीएफ कार्य कर रही हैं।

# हाथियों के झुंड ने रौंदी गन्ने और धान की फसल

ऋषिकेश(आरएनएस)। डोईवाला के किसान बीते 4 दिनों पहले बे मौसम बरसात की वजह से भारी नुकसान झेल चुके हैं। उसके बाद अब जंगली हाथियों ने एक बार फिर से किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया। राजाजी नेशनल पार्क और लच्छीवाला रेंज से सटे बुल्लावाला गांव के आबादी वाले इलाके में जंगली हाथियों की आवाजाही लगातार जारी है। देर रात हाथियों के झुंड ने किसान मकसूद अली की गन्ने की लगभग 2 बीघा, सलीम अहमद की दो बीघा, सुभाष काम्बोज की दो बीघा, सहजाद अली की डे? बीघा गन्ने की फसल और पप्पू कश्यप की तीन बीघा धान की पकी-पकाई फसल को तहस-नहस कर दिया। जिसकी वजह से किसानों में भारी आक्रोश है।

किसान बसारत अली, सुभाष काम्बोज ने कहा कि वन विभाग द्वारा लाखों रुपया खर्च कर जंगल किनारे ऊर्जा बाढ़ तो लगा दी है, लेकिन उसकी सही देख रेख न होने की वजह से वह कई सालों से पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। किसानों ने सरकार से आर्थिक मदद की भी गुहार लगाने के साथ हाथियों को रोके जाने की मांग की है।

नाभा नाभिं न आ ददे चक्षुश्चित्सूर्ये सचा।
कवेरपत्यमा दुहे।।

(ऋग्वेद ९-१०-८)

मैं उस सर्वज्ञ परमात्मा को अपने हृदय में स्थित करता हूं जो चराचर जगत को अपने नियमों से चलाता है। जो अपनी प्रकाश रूप शक्ति से सूर्य को प्रकाशित करता है। मैं प्रार्थना करता हूं कि वह अपने ज्ञान के प्रकाश का आशीर्वाद हमें भी प्रदान करें।

# रामलीला के छठवें दिन शूर्पनखा लीला व सीता हरण के साथ हुआ भव्य रामलीला का मंचन

संवाददाता

देहरादून। श्री रामकृष्ण लीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के छठवें दिन शूर्पनखा लीला व सीता हरण के मंचन ने दर्शकों का मन मोह लिया।



आज यहां श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून द्वारा गढ़वाल की ऐतिहासिक राजधानी पुरानी टिहरी की 1952 से होने वाली प्राचीन रामलीला को टिहरी के जलमग्न होने के बाद देहरादून में 21 वर्षों बाद पुर्नजीवित करने का संकल्प लिया है और इस हेतु देहरादून के टिहरी-नगर के आजाद मैदान, अजबपुर कलां, दून यूनिवर्सिटी रोड, देहरादून में 11 दिन की भव्य रामलीला का आयोजन शारदीय नवरात्रों में 15 से 25 अक्टूबर 2023 तक किया जा रहा है। श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून के अध्यक्ष अभिनव थापर ने बताया कि रामलीला- छठे दिवस में शूर्पनखा लीला व सीता हरण का मंचन हुआ। रामलीला मंच पर रामलीला मंच पर झोपड़ी के साथ डिजिटल जंगल में सीता-हरण के दृश्य को अलौकिक बना दिया। शूर्पनखा लीला में शूर्पनखा के नृत्य पर दर्शक झूम उठे। दर्शक अद्भुत तकनीक युक्त मंच में मंत्रमुग्ध हो गए। राम, लक्ष्मण, रावण और सीता के और शूर्पनखा पौराणिक गाने व चौपाईयाँ।

कार्यक्रम में अतिथिगणों के रूप में त्रिवेंद्र सिंह रावत, पार्षद मोंटी कोहली, कोमल वोहरा, सुरेंद्र कौर कुकरेजा आदि को समिति के अनुराग पंत, गिरीश चंद्र पांडेय, गुड्डी थपलियाल, निवेदिता जोशी, सरिता भट्ट, आदि के द्वारा सम्मान किया गया।

# डेंगू के आतंक के कैसे बचा सकती हैं अपने घर को



हर साल देश के कई ऐसे हिस्से है जो पूरे तरीके से डेंगू का आतंक के चपेट में आ जाते हैं। मानसून के दौरान तो कई बार ऐसा देखा गया है कि डेंगू का आतंक काफी ज्यादा बढ़ जाता है। डेंगू के कारण हर साल कई लोगों की जान भी चली जाती हैं। ऐसे में इस साल भी डेंगू का आतंक बढ़ा हुआ है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने घर को डेंगू के आतंक से बचा सकती हैं।

**घर को साफ रखें :** अगर आप चाहती है कि आपके घर के आसपास भी मच्छर ना दिखें तो आपको घर को सही तरीके से साफ रखना होगा। अगर आप अपने घर की सफाई सही तरीके से करती हैं तो आपके घर के आसपास मच्छर का आतंक नहीं दिखेगा।

**मच्छर भगाने के उपाय :** मच्छर से छुटकारा पाने के लिए आजकल कई सारे चीजें बाजार में मिलती हैं। ऐसे में आप इन चीजों का सहारा ले सकती हैं। फर्श को पोंछने वाला लिक्विड की मदद से आप अपने घर की सफाई करेंगी तो आपका घर मिनटों में चमकने लगेगा।

**पानी का जमाव न होने दें:** घर के अंदर के सफाई के साथ ही आपको घर के बाहर भी सफाई रखना होगा। अगर आपके घर के बाहर भी पानी जमा हुआ है तो आपको अपने घर के बाहर सफाई करवानी चाहिए। इससे भी डेंगू का आतंक बढ़ सकता है। कोशिश करें की घर के बाहर जमा हुआ सारा पानी साफ करवा दें।

# साफ-सफाई के इन नियमों का जरूर रखें ध्यान, घर में हमेशा वास करेंगी लक्ष्मी

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक माता लक्ष्मी वहीं वास करती हैं, जहां साफ-सफाई होती है। घर में साफ-सफाई से न केवल मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है, बल्कि बीमारियां भी दूर रहती हैं। साथ ही घर में सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। घर का साफ-सुथरा माहौल मन, शरीर, सेहत और परिवार के सदस्यों की तरक्की से भी जुड़ा होता है। वास्तु शास्त्र में घर की साफ-सफाई को काफी महत्वपूर्ण माना गया है और कुछ नियमों के बारे में बताया गया है। अगर इन नियमों का पालन किया जाए, तो इससे घर में खुशी और संपन्नता बनी रहती है। आइए जानते हैं घर की साफ-सफाई के कुछ जरूरी नियमों के बारे में।

**कब फेंकें कूड़ा-कचरा?**

वास्तु में घर की सफाई करने और घर से कूड़ा बाहर फेंकने का सही समय बताया गया है। वास्तु के मुताबिक सूर्यास्त के दौरान या बाद में घर से बाहर कचरे को नहीं फेंकना चाहिए। दरअसल शाम के वक्त घर में लक्ष्मी का आगमन होता है। ऐसे में दरवाजे से कूड़ा-कचरा निकालने से लक्ष्मी रुष्ट हो सकती हैं। इसलिए सूर्यास्त के बाद आप जब भी झाड़ू लगाएं तो उसे घर के बाहर ना निकालें। बल्कि कूड़ेदान में रख दें और फिर सुबह इसे बाहर फेंकें।

**मुख्यद्वार को रखें साफ**

कुछ लोगों की आदत होती है कि घर की साफ सफाई करने के बाद कचरा घर के सामने मुख्य दरवाजे पर जमा कर देते हैं। वास्तु के मुताबिक ऐसा भूल कर भी नहीं करना चाहिए। इससे मां लक्ष्मी नाराज होती हैं और घर में दरिद्रता आती है। इसलिए मुख्य द्वार के आसपास की जगह को हमेशा साफ रखें।

**इस समय न करें सफाई**

वास्तु शास्त्र का मानना है कि घर में कभी भी ब्रह्ममुहूर्त में या फिर सूर्यास्त के समय झाड़ू नहीं लगानी चाहिए। अगर किसी वजह से झाड़ू लगानी भी पड़ जाए, तो कूड़े का ढेर एक तरफ रहने दें। दरवाजे से बाहर ना निकालें। माना जाता है कि रात में झाड़ू लगाने से लक्ष्मी जी नाराज हो जाती हैं।

**घर के कोने रखें साफ**


वास्तु के अनुसार घर में मौजूद सभी कोनों को हमेशा साफ रखना जरूरी है। वास्तु के मुताबिक घर की उत्तर दिशा, ईशान कोण आदि को बिल्कुल साफ रखना चाहिए। यहां धन के देवता कुबेर वास करते हैं। खासतौर से ईशान कोण, उत्तर दिशा और वायव्य कोण को खाली और साफ रखें।

**झाड़ू से जुड़े नियम**

झाड़ू को कभी भी खुले स्थान पर नहीं रखना चाहिए। ऐसा करना अशुभ माना जाता है। इसके अलावा झाड़ू को कभी भी खड़ी स्थिति में नहीं रखना चाहिए। ये भी अच्छा नहीं माना जाता है। वास्तु के अनुसार, ऐसा करने से घर में दरिद्रता आती है।

इसलिए झाड़ू को हमेशा जमीन पर ही रखें। पुराने झाड़ू को बदलने के लिए शनिवार का दिन सबसे अच्छा माना जाता है। साथ ही हमेशा नई झाड़ू कृष्ण पक्ष के दौरान ही खरीदनी चाहिए।

# सावधान! फ्रिज में भी छिपे हो सकते हैं डेंगू के मच्छर, 6 महीने तक रह सकते हैं जिंदा



देश के कई राज्यों में डेंगू के केस तेजी से बढ़ रहे हैं. इसकी वजह से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर उम्र के लोग डेंगू की चपेट में आ रहे हैं. इस बुखार से संक्रमित होने वाले मरीजों की संख्या अस्पताल में तेजी से बढ़ रही है. कई मामलों में शरीर का प्लेटलेट्स का लेवल काफी नीचे आ जाता है।

लगातार होती बारिश से डेंगू का खतरा बढ़ रहा है. घर में भी कई वजह से डेंगू के मच्छर पनप सकते हैं. इसमें से एक फ्रिज का ट्रे भी है। ऐसे में सावधान रहना चाहिए. जानें क्या होता है डेंगू, किस मच्छर से फैलता है, इसके मच्छर कहां पनपते हैं, इसके लक्षण क्या होते हैं और इससे बचाव कैसे हो सकता है...

**डेंगू क्या होता है और इसके लक्षण**

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है. बारिश के दिनों में जब धूप निकलती है और तापमान काफी बढ़ जाता है तो डेंगू के मच्छर एक्टिव हो जाते हैं. इस मच्छर के काटने के बाद तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, शरीर पर दाने और उल्टी-दस्त की समस्या हो सकती है।

ज्यादातर मामलों में बुखार खुद ही ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ मरीजों में इसके गंभीर लक्षण देखने को मिलते हैं. उनका प्लेटलेट्स काफी नीचे गिर जाता है और यह खतरनाक हो सकता है।

**फ्रिज की ट्रे में हो सकता है डेंगू**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है. डेंगू के मच्छर को ब्रीडिंग के लिए थोड़ा सा भी पानी काफी होता है. यही कारण है कि घर में रखे फ्रिज की ट्रे में भी यह पनप जाता है. कई बार फ्रिज की ट्रे में डेंगू का लार्वा मिल जाता है।

हम सभी इन बातों से अनजान होते हैं और डेंगू की चपेट में आ जाते हैं. इसलिए समय-समय पर फ्रिज की ट्रे के पानी को साफ करते रहना चाहिए. हफ्ते में कम से कम दो बार ट्रे को साफ करना ठीक माना जाता है. कूलर और घर की छत पर रखे गमलों की साफ-सफाई भी नियमित तौर पर करनी चाहिए।

**कितने समय तक एक्टिव रहता है डेंगू का लार्वा**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डेंगू का अंडा यानी लार्वा छह महीने तक एक्टिव रहता है. इस दौरान अगर अंडा साफ पानी के संपर्क में आ जाता है तो मच्छर बन जाता है. ऐसे में कोशिश करें कि घर के आसपास जितनी साफ-सफाई हो सके करें. क्योंकि कई बार डेंगू जानलेवा भी हो सकता है।

**डेंगू से कैसे करें बचाव**

1. सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें.
2. पानी की टंकी को ढककर ही रखें.
3. पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर रहें.
4. नालियों की साफ-सफाई करें.
5. बुखार आने पर तुरंत डेंगू की जांच करवाएं.

# पूजा घर में रखें साफ- सफाई, वास्तु दोष होंगे दूर



हिन्दू धर्म के अनुसार पूजा-पाठ का एक अपना अलग ही महत्व बताया गया है. इसलिए ज्यादातर घरों में मंदिर देखने को मिल ही जाता है. छोटा सा भगवान का मंदिर घर में सकारात्मकता लेकर के आता है और इससे कई तरीके की वास्तु दोष भी दूर हो जाते हैं।

साथ ही जितनी भी समस्याएं आने वाली होती हैं, मान्यता के अनुसार वो भी टल जाती हैं. लेकिन क्या आपको पता है कि पूजाघर में साफ-सफाई के भी वास्तु के अनुसार कुछ नियम कायदे होते हैं. इन्हें अपनाने से घर में सकारात्मकता बरकरार रहती है।

**इस दिन करें पूजा रूम की साफ-सफाई**

पूजा रूम की साफ-सफाई के लिए वास्तु शास्त्र में शुभ-अशुभ दिनों के बारे में बता रखा गया है। यदि हफ्ते के इन खास दिनों में पूजा रूम की सफाई की जाए तो घर में धन-दौलत और समृद्धि होती है. घर के लोगों के सफलता के द्वार खुल जाते हैं।

वहीं यदि गलत दिनों में पूजा घर की सफाई की जाए तो जीवन में दु:ख के पहाड़ टूट पड़ते हैं. ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक रोज ही पूजा रूम की सफाई करनी चाहिए, लेकिन शनिवार के दिन पूजा घर की सफाई कर गंगा जल जरूर छिड़कना चाहिए. ऐसा करने से नकारात्मक शक्ति दूर हो जाती है।

**इन दिनों में न करें घर के मंदिर में सफाई**

मान्यता के मुताबिक गुरुवार और एकादशी के दिन घर के मंदिर में साफ-सफाई बिल्कुल न करें, क्योंकि यदि ऐसा करते हैं तो घर में दरिद्रता फैलती है।

इसके आलावा ये भी याद रखें कि रात के समय कभी पूजा घर साफ न करें. ऐसा करने से माँ लक्ष्मी आपसे नाराज हो सकती है. जो आपके कंगाली का कारण बन सकती है।

# उपवास के दौरान करें इन फलों का सेवन.. मिलेगी भरपूर ऊर्जा

सांस्कृतिक महत्व के कारण उपवास रखना नवरात्रि और अन्य त्योहारों का एक प्रचलित पहलू है।


हालांकि, जब सीमित आहार की बात आती है तो स्वाभाविक रूप से यह एक चिंता का विषय बन जाता है।

ऐसे में फलों का सेवन आपको भरपूर ऊर्जा और हाइड्रेशन समेत कई अन्य स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है। इसका कारण है कि फल विटामिन, खनिजों और एंटी-ऑक्सीडेंट्स का भंडार हैं।

**लाभ के लिए उपवास में इन 5 फलों का सेवन जरूर करें.....**

**रोजाना 1 सेब का सेवन बीमारियों को रखेगा दूर**

एन एप्पल ए डे कीप्स द डॉक्टर अवे इस अंग्रेजी कहावत से तो आप भली-भांति वाकिफ होंगे। इसका मतलब अगर आप रोजाना एक सेब खाएंगे तो बीमारियों से दूर रहेंगे।



यह डाइटरी फाइबर, कैरोटीनॉयड, पॉलीफेनोल्स और कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ये पोषक तत्व शरीर से मुक्त कणों और मोटापा बढ़ाने वाले टिश्यू को कम करते हैं, जिससे आपको वजन घटाने में मदद मिल सकती है। इसके अतिरिक्त यह इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने में प्रभावी है।

**कीवी विटामिन, खनिज और पोटैशियम से भरपूर होता है।**

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए कीवी सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि इसमें कैलोरी कम होती है और यह उपवास के दौरान इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकता है।

इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण रूखी और संवेदनशील त्वचा के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है।

**केले से मिलेगी भरपूर ताकत**

केल उपवास के दौरान खूब खाया जाने वाला फल है क्योंकि यह ताकत प्रदान करता है।

इसमें पोटैशियम, मैग्नीशियम, कॉम्प्लेक्स कार्ब्स और फाइबर जैसे पोषक तत्व होते हैं और पौष्टिक भोजन के लिए दही के साथ इसका सेवन करना सबसे अच्छा है। एक शोध के मुताबिक, केले में ब्लड ग्लूकोज के स्तर को कम करने का गुण होता है। इस वजह से यह मधुमेह के रोगियों के लिए भी लाभदायक है।

**पपीते से ब्लड सर्कुलेशन सुधारने में मिल सकती है मदद**

पपीता एंटी-ऑक्सीडेंट्स, डाइटरी फाइबर, मैग्नीशियम और पोटैशियम सहित कई आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है।



अगर आप रोजाना इसका सीमित मात्रा में सेवन करते हैं तो इससे वजन घटाने, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेट कम करने, ब्लड सर्कुलेशन सुधारने और ऐसे ही कई लाभ मिल सकते हैं। लाभ के लिए रोजाना एक कटोरी पके पपीते का सेवन करना काफी है।

**बेरीज से भी स्वस्थ रहेंगे आप**

रसीली बेरीज स्वादिष्ट होने के साथ ही कई जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध होती हैं, इसलिए इनका भी उपवास के दौरान सेवन करना लाभप्रद हो सकता है।



बेरीज कम कैलोरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण से भरपूर होती है, इसलिए इनका सेवन इम्युनिटी को बेहतर करने, हृदय को स्वस्थ बनाए रखने और त्वचा को निखारने में अहम भूमिका अदा कर सकता है।

बेरीज में मौजूद ऐंथोसायनिन और ऐलाजिटैनिन जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो हानिकारक कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# एक साथ ज्यादा से ज्यादा कितने केले खा सकते हैं?

पाचन संबंधी समस्याओं के लिए केला खाना अच्छा माना जाता है. ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि केले में हाई पोषण होता है. साथ ही साथ इसमें फाइब, विटामिन बी6 और पोटेशियम की मात्रा सबसे अधिक होती है. हेल्थ एक्सपर्ट से लेकर रिसर्च कहते हैं कि केला हाई कार्बोहाइड्रेट और एनर्जी से भरपूर होता है.



**केला आप नाश्ते के रूप में भी ले सकते हैं**

एक्सरसाइज करने से पहले या नाश्ते में केला खाना एक बेस्ट ऑप्शन है. लेकिन आप रोजाना कितने केले खा रहे हैं यह सबसे महत्वपूर्ण है. केले में पोटेशियम, फाइबर, विटामिन बी 6, सी, एंटीऑक्सिडेंट और कैरोटीनॉयड और फ्लेवोनोइड जैसे फाइटोकेमिकल्स से युक्त पोषक तत्व होते हैं जो एक पावरहाउस की तरह काम करता हैं।

**दिल की बीमारी के जोखिम को करता है कम**

केला पाचन को अच्छा करने के साथ-साथ दिल की बीमारी के जोखिम को भी दूर रखता है. इसमें भरपूर मात्रा में पोटेशियम होता है. केला से बीपी भी कंट्रोल में रहता है और यह हाई बीमी के जोखिम को कम करने में मदद करता है।एक रिपोर्ट के मुताबिक पोटेशियम से दिल की बीमारी का जोखिम 27 प्रतिशत तक कम हो सकता है।



एक रिपोर्ट के मुताबिक केला में फाइबर होता है जो वजन घटाने में मदद कर सकता है. क्योंकि यह लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस करने में मदद करता है।

**माइग्रेन**

केले, खासकर अगर ठीक से न छीले जाएं, तो उनमें टायरामाइन नामक पदार्थ होता है, जो माइग्रेन को तुरंत ट्रिगर करता है। रिपोर्ट के अनुसार, टायरामाइन को इसके निर्माण के तरीके के कारण मोनोमाइन कहा जाता है. हमारे शरीर के अंदर, मोनोमाइन ऑक्सीडेज नामक एक एंजाइम होता है जो टायरामाइन जैसे मोनोमाइन को तोड़ता है. यह एंजाइम टायरामाइन से निपटने में मदद करता है. इसलिए, यदि आप माइग्रेन से पीडिघ्त हैं और आपके शरीर में पर्याप्त एमएओ नहीं है, तो टायरामाइन युक्त खाद्य पदार्थ खाने से आपको सिरदर्द हो सकता है।

**भार बढ़ना**

केले की मध्यम मात्रा आपके स्वास्थ्य और वजन घटाने के लक्ष्य के लिए अच्छी है. हालांकि, केले को कैलोरी से भरपूर माना जाता है. इसलिए, जहां यह भूख से राहत दिलाने में मदद करता है. वहीं यह वजन बढने का एक प्रमुख कारण भी बन जाता है. हालांकि, एक दिन में आपको कितने केले खाने चाहिए या नहीं खाने चाहिए इसकी कोई निश्चित संख्या नहीं है, लेकिन प्रति दिन 1-2 केले पर्याप्त माने जाते हैं।

**गैस्ट्रिक समस्या**

केले में घुलनशील फाइबर, फ्रुक्टोज और अधिक कार्बोहाइड्रेट और कम मात्रा में पानी होता है. इसलिए, जब केले का अधिक सेवन किया जाता है, तो इससे कब्ज और गैस्ट्रिक समस्याएं हो सकती हैं. हैरानी की बात यह है कि बहुत अधिक केला खाने से कब्ज के दिक्कत के साथ नींद की समस्या भी हो सकती है. ऐसा केले में ट्रिप्टोफैन नामक तत्व के कारण होता है. यह एक अमीनो एसिड है जिसका उपयोग शरीर प्रोटीन और सेरोटोनिन जैसे महत्वपूर्ण अणुओं को बनाने के लिए करता है. जो मूड और नींद की कमी को बढ़ाता है. केले में विटामिन बी6 होता है।

## शब्द सामर्थ्य -219

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 218 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

# मिशन रानीगंज को अब महज 112 रुपये में देख पाएंगे दर्शक




चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित फिल्म मिशन रानीगंज 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में हैं।बेशक फिल्म में उनकी अदाकारी को काफी पसंद किया जा रहा है, लेकिन टिकट खिडकी पर यह पहले दिन से ही दर्शक जुटाने के लिए संघर्ष कर रही है। इस बीच अक्षय ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है।दरअसल, अब मिशन रानीगंज को आप महज 112 रुपये में देख सकते हैं।

अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म मिशन रानीगंज का पोस्टर साझा किया है।उन्होंने लिखा, लाइट्स, कैमरा, मिशन। अभी सिर्फ 112 रुपये में मिशन रानीगंज का टिकट बुक करें और भारत के सच्चे नायक की कहानी अभी सिनेमाघरों में देखें।यह ऑफर सिनेमाघरों में महज 3 दिन (16-19 अक्टूबर) तक लागू होगा।

मिशन रानीगंज ने अब तक 27.93 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसमें अक्षय की जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी है। (आरएनएस)

# ओह माय गॉड 2 मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है: अन्वेषा

मौजूदा वक्त में अक्षय कुमार अपनी फिल्म ओह माय गॉड 2 की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। इसकी कहानी और सभी कलाकारों की अदाकारी को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं, लेकिन फिल्म में एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर हर शख्स का ध्यान खींच लिया है और उनका नाम है अन्वेषा विज। ओह माय गॉड 2 में अन्वेषा ने पंकज त्रिपाठी की बेटी दमयंती का किरदार अदा किया है।



23 वर्षीया अन्वेषा ने फिल्म ओह माय गॉड 2 के जरिए बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा है।उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2022 में वेब सीरीज क्रैश कोर्स से की थी, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।सीरीज में उन्होंने निक्की कपूर का किरदार निभाया था, जिसके लिए उनकी काफी प्रशंसा भी हुई।इसके अलावा अन्वेषा मशहूर कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के साथ म्यूजिक वीडियो काजल में नजर आ चुकी हैं। अन्वेषा ने ओह माय गॉड 2 की सफलता पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया, मैं बहुत खुशनसीब हूं। ओह माय गॉड 2 जैसी फिल्म मिलना मेरे लिए सपने की तरह था। मैं जैसी असल जिंदगी में हूं, उससे बहुत अलग फिल्म में मेरा किरदार है। यह मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है।अन्वेषा ने बताया कि जब उन्होंने दिल्ली में ओह माय गॉड 2 के लिए ऑडिशन दिया था तो उन्हें यह नहीं पता था कि यह अक्षय की फिल्म के लिए है। (आरएनएस)

# नियॉन कलर की ड्रेस पहन मौनी रॉय ने दिए सेक्सी पोज, बोल्ड तस्वीरों ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



बी-टाउन की ग्लैमरस और खूबसूरत अभिनेत्री मौनी रॉय आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस का दिल मचलती रहती हैं। उनका हर कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। मौनी रॉय हमेशा अपनी फिटनेस और हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक कातिलाना अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बेहद हॉट लग रही हैं। मौनी रॉय जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। इन तस्वीरों में मौनी रॉय ने नियॉन कलर की स्टाइलिश बॉडीफिटेड आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट लुक्स में किलर पोज देते हुए कैमरे के सामने अपना फिगर फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। हालांकि उनके कर्वी फिगर को देख फैंस की नजरें उन पर से हटना मुश्किल हो गई है। हर कोई उनके इस लुक का दीवाना हुआ जा रहा है। (आरएनएस)

# करीना कपूर की द बकिंघम मर्डर का पहला पोस्टर जारी, कुछ ऐसी होगी फिल्म की कहानी



बेबो के नाम से मशहूर एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपने शानदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। करीना को आप सबने अब तक पू से लेकर गीत तक के किरदार में देखा है, जिसमें वो बबली लडकी बनकर लोगों को खूब एंटरटेन करती हुई नजर आई थीं। लेकिन अब करीना अपनी अपकमिंग फिल्म द बकिंगम मर्डर्स में अब तक के सबसे अलग किरदार में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें करीना के लुक ने फैंस के होश उड़ा दिए हैं।

सामने आए पोस्टर में करीना बेहद गुस्से में पुलिसकर्मियों से जूझती हुई नजर आ रही हैं। पोस्टर में करीना का ये लुक देखकर फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। हालांकि, मेकर्स ने अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। यह फिल्म नेटफ्लिक्सि पर रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाहिद और स्कैम 1992 के डायरेक्टर हंसल मेहता ने संभाली है। एकता कपूर की ये मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म एकता कपूर के बालाजी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है। इस फिल्म में करीना के साथ रणवीर बरार भी मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

हंसल मेहता की द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर जस भामरा नाम का एक जासूस और मां का किरदार निभाते दिखाई देने वाली हैं, जिसे अपने बच्चे को खोने के बाद बकिंघमशायर में 10 वर्षीय बच्चे की हत्या की जांच करने का मौका मिलता है।

रविवार को करीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए अपने किरदार के बारे में बताया था। करीना कपूर ने जस भामरा का किरदार निभाने के सफर के बारे में लिखा था कि, जस भामरा एक ऐसा किरदार था जिसे निभाने का मैं पिछले 23 सालों से इंतजार कर रही थी, जासूसी फिल्में और सीरीज करने का मैंने 23 साल से इंतजार किया था। मैं थ्रिलर फिल्मों की फैन होने के नाते प्राइम सस्पेक्ट में करमचंद से लेकर हेलेन मिरेन तक, हरक्यूल पोयरोट में क्रिस्टी से लेकर मारे ऑफ में केट विंसलेट तक सब कुछ देखा है। मैं बस जासूस महिला का किरदार करना चाहती थीं।

हंसल और एकता ने मुझे ये मौका दिया उसके लिए थैंक यू।करीना को आखिरी बार सुजॉय घोष की फिल्म जाने जान में देखा गया था, जो 21 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में विजय वर्मा और जयदीप अहलावत भी लीड रोल में नजर आए थे। करीना कपूर अपकमिंग फिल्म द क्रू में कृति सेनन, दिलजीत दोसांझ और तब्बू के साथ नजर आएंगी। फिल्म का डायरेक्शन राजेश कृष्णन ने किया है।

# जाह्नवी कपूर ने रिवीलिंग थाई स्लिट ड्रेस पहन कराया हॉट फोटोशूट




एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बी-टाउन की ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो आए दिन अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने एक इवेंट में शिरकत की थी। जहां उनके बोल्ड ड्रेसिंग सेंस को देखकर लोगों ने उन्हें काइली जेनर तो कभी भारत की किम कार्दशियन कहते हुए ट्रोल करना शुरू कर दिया है।

धडक फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काफी कम समय में अपनी एक्टिंग के दम पर लोगों के बीच अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इवेंट के दौरान बेहद ही स्टाइलिश और रिवीलिंग थाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। जाह्नवी कपूर के इस लुक को देखकर लोगों ने उन्हें एक बार फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया। बता दें कि एक्ट्रेस अपने ड्रेसिंग के चलते लोगों के बीच काफी लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। हालांकि कुछ लोग उनके ग्लैमरस अंदाज और बोल्ड ड्रेसिंग सेंस की तारीफ करते हैं। वहीं कुछ नेटिजन्स उनकी खिचाई करना भी शुरू कर देते हैं।

जाह्नवी कपूर की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- लाइट काइली जेनर तो वहीं दूसरे ने लिखा है- भारत की किम कार्दशियन। वहीं कुछ नेटिजन्स को उनका ये लुक काफी पसंद भी आ रहा है। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा- यार ये कितनी हॉट है। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस। (आरएनएस)

# यारियां 2 का गाना ब्लू है पानी पानी जारी, अरिजीत और नेहा कक्कड़ ने लगाए सुर



दिव्या खोसला कुमार पिछले कुछ दिनों से अपनी आगामी फिल्म यारियां 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इसमें मीजान जाफरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन और प्रिया प्रकाश वरियर और पर्ल वी पुरी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

अब निर्माताओं ने यारियां 2 का नया गाना ब्लू है पानी पानी जारी कर दिया है, जिसे अरिजीत सिंह और नेहा कक्कड़ ने मिलकर गाया है।हनी सिंह ने अपने इस गाने को खलीफ के साथ मिलकर बनाया है।

यारियां 2 2014 में आई फिल्म यारियां का सीक्वल है। 80 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 40.14 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

इसमें हिमांश कोहली, रकुल प्रीत सिंह, एवलीन शर्मा और निकोल फारिया जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आए थे।यारियां ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर मौजूद है।हनी सिंह ने इस फिल्म के गाने ब्लू है पानी पानी को खुद ही गाया था, जो सुपरहिट साबित हुआ। (आरएनएस)

# इजराइल, क्या हमास के खिलाफ युद्ध जीत सकता है?

श्रुति व्यास

क्या गाजा में रह रहे फिलिस्तीनियों को वहां की जमीन खाली करने लिए 24 घंटे की जो डेडलाईन दी गई थी वह समाप्त हो गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिण इजराइल में बड़ी संख्या में मौजूद सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा है कि ''अगला चरण शुरू होने वाला हैष इससे पहले इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के एक प्रवक्ता ने 12 अक्टूबर को कहा कि ''गाजा में जो होने वाला है उसे देखना मुश्किल होगा। सवाल है गाजा पट्टी को खाली करवाकर इजराइल, क्या हमास के खिलाफ युद्ध जीत सकता है?

फिलहाल पूरी दुनिया की निगाह गाजा पट्टी पर है। दुनिया जहां मौतों की सुनामी के लिए तैयार हो रही है वही इजराइल को यह समझाने का प्रयास भी हो रहा हैं कि वह जो करने जा रहा है उसके नतीजे प्रलयकारी होंगे। इससे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह का रोष और गुस्सा पनपेगा उससे इजराइल और मध्यपूर्व हमेशा के लिए बदल जाएंगे।

इजराइल ने घोषणा की है कि वह धरती से हमास का नामोनिशां मिटा देगा। इजराइल का गुस्सा जायज है। पिछले हफ्ते जो हुआ वह बर्बर था और उसने होलोकास्ट की भयावह यादें ताजा कर दीं। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि हमास एक आतंकी संगठन है जो युवाओं के दिमाग में जहर भरता है, और उन्हें ईरान से हथियार और प्रशिक्षण उपलब्ध करवाता है। ि

फर उन्हें खूनखराबा करने के लिए खुला छोड़ देता है। हमास के आतंकी केवल घृणा के हकदार हैं और उनकी



हरकतों को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। हमास के हमले का इजराइल को जरा सा भी अंदेशा नहीं था। यह उसके गुप्तचर तंत्र की बड़ी विफलता थी।

तभी इजराइल सदमे में है। वहां के लोगों के दु:ख की कोई सीमा नहीं है। वे अपमानित महसूस कर रहे हैं, गुस्से से उबल रहे हैं और आपसी मतभेद भुलाकर एकसाथ लडने के लिए तैयार हैं। बीबी (नेतन्याहू) गाजा को बदल डालना चाहते हैं ताकि आतंकी फिर कभी इजराइल के लोगों के लिए खतरा न बन सकें।

परंतु आंख के बदले आंख क्या सबको अंधा नहीं बना देगी?

गाजा के 23 लाख रहवासियों को सजा दी जा रही है। उन्हें हर तरह से पंगु बनाकर मरने के लिए छोड़ दिया गया है। पिछले 10 दिनों से गाजा पट्टी में न तो पानी पहुँच रहा है, न बिजली, न ईधन, न खाद्य सामग्री और ना ही दवाएं। गाजा पट्टी की सभी सीमाएं सील हैं। गाजा से शरणार्थियों के सामूहिक रूप से मिस्र में आने के राजनैतिक परिणामों और सुरक्षा संबंधी जोखिमों से मिस्र वाकिफ है। उसने चेतावनी दी है कि यदि गाजा के लोग किसी दूसरे देश में गए तो यह उनका अपना अलग देश पाने के सपने का अंत होगा। डॉक्टरों की एक मानवतावादी संस्था ने इजराइल पर आरोप लगाया है कि गाजा की सीमाएं पूरी तरह सील कर, वहां अंधाधुंध बमवर्षा कर और जमीनी हमले का डर दिखाकर इजराइल फिलीस्तीनियों को सामूहिक सजा दे रहा है, जो पूरी तरह से गैर-कानूनी है।

दुनिया भी अब इजाइल से कह रही है कि वह थोड़ी मानवता दिखाए। मिस्र से विनती की जा रही है कि वह अपनी सीमाएं गाजा के लोगों के लिए खोले। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि प्रजातंत्रों को न्यूनतम मानकों का पालन करना चाहिए।लोकतांत्रिक देश आतंकियों के घिनौने और घटिया स्तर तक नहीं गिर सकते। अमरीकी लेखक और बुद्धिजीवी इजराइल को चेतावनी दे रहे हैं कि वह वही गलती न करे जो ष्हमने 9/11 के बाद की थीष 9/11 के बाद दुनिया में और बर्बादी आई, असुरक्षा भाव और बढ़ा, और बड़ी संख्या में लोग कट्टरपंथी बने और हिंसा का अनवरत सिलसिला चल पड़ा।वैसा ही नतीजा कही 10/7 का भी न हो।

आतंकवाद का मुकाबला दृढ़ता से किया जाना चाहिए परंतु इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून को तिलांजलि नहीं दी जा सकती। गाजा से लाखों लोगों को बाहर धकेलकर वहां इजराइल की फौज को भेजने से न तो शांति सुनिश्चित होगी और ना ही सुरक्षा। बल्कि इजराइल की बदले की इस कार्यवाही से और बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी युवा हमास और हिज्बुल्ला की गोद में बैठ जाएंगे। इजराइल को यह समझना चाहिए कि फिलिस्तीन के सभी नागरिकों को सामूहिक रूप से सजा देकर वह कभी अपने आप को सुरक्षित नहीं बना सकेगा। बल्कि इसके कारण वेस्ट बैंक, अरब देशों और दुनिया के दूसरे हिस्सों में फिलिस्तीनियों के अधिकारों के पक्ष में आवाज तेज होगी।

हो सकता है कि सैनिक ताकत से इजराइल गाजा में 'एक नया यथार्थ' निर्मित कर दे। परंतु अंतत: इससे इजराइल की एकता और उसके लोगों में भाईचारा प्रभावित होगा।

इसके अलावा दुनिया के दूसरे हिस्सों में रह रहें यहूदियों के लिए भी खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में यहूदियों के खिलाफ हिंसक घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। निसंदेह यह शर्मनाक है और इससे ऐसा वातावरण बन रहा है मानो एक विश्वव्यापी संकट शुरू होने वाला है। इजराइल के घटनाक्रम को एक सप्ताह बीत चुका है और सब चाह रहे है कि अगला कदम सोच-समझकर ही उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमास को कमजोर करना जरूरी है।पर हमास की हार आज नहीं तो कल हो ही जाएगी।जबकि बड़े पैमाने पर शुरू हुआ आतंकवाद के खिलाफ युद्ध लंबा, जटिल और अप्रिय होगा। ऐसी उम्मीद है कि इजराइल पूरी दुनिया से उसे मिल रहे समर्थन और सहानुभूति को खोने की राह पर नहीं चलेगा। ज्योंहि गाजा में बड़ी संख्या में नागरिकों की मौतों की खबरें आना शुरू होंगीं, इजराइल के प्रति सहानुभूति और सद्भाव पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। अगर इजराइल को ऐसा लगता है कि गाजा में मौतों से उसे कोई फर्क नहीं पड़ेगा तो वह गलत सोच रहा है।(आरएनएस)

# विपक्षी उम्मीदवारों की पहली सूची तैयार

समाजवादी पार्टी ने अगले लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के संभावित उम्मीदवारों की पहली सूची तैयार कर ली है। इसमें परिवार की पारंपरिक चार या पांच सीटें हैं। इन सीटों के अलावा सात या आठ सीटों पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवारों की घोषणा अगले कुछ दिन में हो सकती है। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटें भी हैं, जहां जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल विपक्ष के गठबंधन में है और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सीटें भी हैं, जहां कृष्णा पटेल की अपना दल कमेरावादी भी 'इंडिया' का हिस्सा है। परिवार की पारंपरिक सीटें– आजमगढ़, कन्नौज, मैनपुरी, बदायूं और फिरोजाबाद के अलावा जिन सीटों पर सपा के उम्मीदवार तय हो जाने की बात कही जा रही है उनमें लखनऊ की सीट भी है। इस सीट से भाजपा के दिग्गज राजनाथ सिंह सांसद हैं। पिछली बार समाजवादी पार्टी ने शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को लड़ाया था और कांग्रेस से आचार्य प्रमोद कृष्णम लड़े थे। दोनों का साझा वोट 42 फीसदी था, जबकि राजनाथ सिंह को 57 फीसदी के करीब वोट मिले थे।

बहरहाल, कहा जा रहा है कि इस बार लखनऊ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी अपने पुराने नेता रविदास मेहरोत्रा को लड़ा सकती है। वे लखनऊ मध्य सीट से विधायक हैं।

समाजवादी पार्टी की सरकार में 2012-17 तक वे मंत्री भी रहे थे। जानकार सूत्रों के मुताबिक समाजवादी पार्टी के अलावा सहयोगी पार्टियों के नेताओं के नाम भी कुछ सीटों पर तय कर दिए गए हैं। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.219

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.218 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# उम्मीदवार तय करने का अनोखा तरीका

हरिशंकर व्यास

भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अभी तक डेढ़ दर्जन सांसदों को विध ानसभा चुनाव में उतारा है। राजस्थान में सात सांसदों को टिकट दी गई है तो मध्य प्रदेश में भी सात सांसद चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। छत्तीसगढ़ में पार्टी ने चार सांसदों को टिकट दी है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश में अभी और सांसदों को टिकट मिलेगी और तेलंगाना में भी पार्टी अपने चार में से कुछ सांसदों को चुनाव में उतार सकती है। पार्टी केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा के चुनाव लड़ा रही है।

किसी को अंदाजा नहीं है कि सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव लड़ाने के पीछे की रणनीति क्या है? यह फैसला किस आधार पर हुआ? आमतौर पर राज्यों में उम्मीदवारों के नाम पर शुरुआती विचार होता है। राज्य की चुनाव समिति हर सीट के लिए संभावित उम्मीदवारों की सूची देख कर उसमें से छंटनी करती है और दो या तीन नाम हर सीट पर तय करके दिल्ली आती है, जहां केंद्रीय चुनाव समिति में उसमें से किसी एक नाम पर फैसला होता है।

कुछ सीटों पर यदि सिंगल नाम हैं तो वहां फैसला करने में कोई दिक्कत नहीं होती है। लेकिन इस बार ऐसी कोई कवायद नहीं हुई। प्रदेश कमेटी के नेताओं को तो हवा तक नहीं लगी कि कहां से कौन सांसद चुनाव में उतारा जा रहा है? यहां तक कि जिन बड़े नेताओं को टिकट दी गई उनको खुद को भी अंदाजा नहीं था कि उन्हें लडने के लिए कहा जाएगा। हालांकि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि उनको पहले बताया गया था लेकिन हकीकत यह है कि नाम की घोषणा होने के 15 दिन तक वे अपने लोकसभा क्षेत्र मुरैना की दिमनी विधानसभा में नहीं गए, जहां से उनको चुनाव लडना है।

पार्टी के शीर्ष नेताओं ने टिकट का ऐसा सस्पेंस बनाया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक को कुछ अंदाजा नहीं लगा। उनका अपना नाम चौथी सूची में जारी हुआ। राजस्थान में भी जब राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी जैसे सांसदों के नाम घोषित हुए तो वह सबके लिए चौंकाने वाली घोषणा थी।

पार्टी के दिग्गज नेताओं की टिकट काट कर इनको उम्मीदवार बनाया गया। वसुंधरा राजे को कोई अंदाजा नहीं था कि किसकी टिकट कट रही है और किसको मिल रही है। उनके करीबी नेताओं युनूस खान, नरपत सिंह राजवी, राजपाल सिंह शेखावत, अनिता सिंह आदि के टिकट कटे है या कटने वाले है।

आमतौर पर भाजपा में हर सीट पर कई बार सर्वेक्षण कराया जाता है। जिला व प्रदेश संगठनसे भी फीडबैक ली जाती है। उसके ऊपर से राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की फीडबैक होती है और तब टिकट तय होते है।

इस प्रक्रिया में सबको पता होता है कि कहां से किसका नाम सूची में है और किसे टिकट मिल सकती है। लेकिन इस बार भाजपा ने सब कुछ उलटा पुलटा कर दिया। किसी को अंदाजा ही नहीं हुआ कि कहां से किसका नाम तय हो रहा है। चुनाव की घोषणा से कई हफ्ते पहले ही टिकटों की घोषणा शुरू हो गई।

बताया जा रहा है कि मोदी और शाह ने यह सोच कर टिकट बांटी है कि जब चुनाव उनको ही लडना है तो फिर किसी को भी उम्मीदवार बनाए क्या फर्क पड़ता है। अगर ऐसा है तो यह बड़ा रणनीतिक बदलाव है और अगर यह सफल हुआ तो अगले साल के लोकसभा चुनाव में भी यह प्रयोग देखने को मिल सकता है। (आरएनएस)

# विधायक चमोली ने छात्राओं को दिये निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाणपत्र




संवाददाता

देहरादून। विधायक विनोद चमोली ने बीएस नेगी पॉलीटेक्निक की छात्राओं को निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाणपत्र सौंपे।

आज यहां बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक में छात्राओं के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण आयोजन किया गया। इस कोर्स के अभिनन्दन समारोह में विधायक विनोद चमोली मुख्य अतिथि साथ ही श्रीमती नन्दिनी शर्मा पार्षद किशन नगर विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर विनोद चमोली ने कहा कि बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक उत्तराखण्ड की धरोहर है एवं छात्राओं महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने में दशकों से महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह छात्राओं के लिए सौभाग्य का विषय है कि उन्हें इस प्रकार के निःशुल्क कम्प्यूटर कोर्स करने का अवसर मिला। इसके लिए उन्होंने बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक के प्रबंधन व एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रबंधन की इस आयोजन हेतु प्रशंसा की कि उनकी पहल से छात्राओं को बेहतर भविष्य बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने छात्राओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र सौंपे।

# फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का होगा पुनरीक्षण कार्य

अल्मोडा(आरएनएस)। अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एस मर्तोलिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का ०1 जनवरी, 2०24 की अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण का कार्य सम्पादित कराया जाना है।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 27 अक्टूबर, 2०23 को मतदाता सूचियों का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। आलेख्य प्रकाशन के उपरान्त प्रत्येक मतदेय स्थल पर नियुक्त बी०एल०ओ० द्वारा अपने-अपने मतदेय स्थलों पर दावे, आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी।

## फायर कर खुलेआम दबंगई दिखाने वाले..◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

वाहन व चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम समरजीत तेवतिया पुत्र सुबोध कुमार तेवतिया निवासी थाना पिलखुवा जिला हापुड, हिमांश पुत्र सतीश निवासी ग्राम तुमडैल गिरधरपुर हापुड, दिलीप भुरान पुत्र कालूराम भूरान निवासी नारायणपुर जिला अलवर राजस्थान, रियांश ढाका पुत्र भानू प्रताप ढाका निवासी कांता कथूरिया कालोनी थाना जय नारायण व्यास जिला बिकानेर राजस्थान बताया।

पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह सभी श्रीनगर गढवाल विश्वविद्यालय में पढते है तथा आज सभी अपने घर से श्रीनगर कॉलेज जा रहे थे। ऋषिकेश में कार से बाहर थूकने को लेकर उनका वहां के कुछ लोगों से झगडा हो गया तथा झगडे के दौरान मारपीट भी हुई तथा काफी लोग वहां पर एकत्रित हो गये थे जिसपर समरजीत के पास से एक देशी पिस्टल था जिससे समरजीत ने फायर कर दिया उसके बाद वह कार से वहां से भाग गये थे। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पुलिस शहीद कल्याण कोष में दी जायेगी..◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

वर्ष भी कांवड़ यात्रा में आये करीब 4 करोड़ से अधिक एवं चारधाम यात्रा में अब तक पहुंचे लगभग 50 लाख श्रद्धालुओ को सुगम यात्रा एवं दर्शन कराते हुए गन्तव्य तक सुरक्षित पहुंचाने में सराहनीय योगदान दिया है। जी-20 सम्मेलन, की राज्य में हुई तीन बैठकों में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा सुनिश्चित कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को नशा मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए सरकार द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस के अन्तर्गत एक त्रिस्तरीय एण्टी नारकोटिक फोर्स का गठन किया गया है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2021 से अब तक 04 हजार से ज्यादा नशे के सौदागरों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए लगभग 40 करोड़ रूपये के नारकोटिक पदार्थ बरामद किए गए हैं।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, मुन्ना सिंह चौहान, श्रीमती सविता कपूर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु चौहान, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रमुख सचिव प्रधानमंत्री पहुंचे केदारनाथ धाम, की पूजा अर्चना



संवाददाता

देहरादून। प्रमुख सचिव प्रधानमंत्री भारत सरकार पीके मिश्रा केदारनाथ धाम पहुंचे जहां पर उन्होंने पूजा अर्चना कर देश की खुशहाली की कामना की।

आज यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट केदारपुरी को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए चल रहे निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्यों का प्रमुख सचिव ने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निर्माण कार्यों में जुटे मजदूरों एवं कर्मचारियों का ध्यान रखने एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख सचिव प्रधानमंत्री भारत सरकार पीके मिश्रा के एक दिवसीय केदारनाथ भ्रमण में पहुंचने पर वीआईपी हैलीपैड में जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर समिति एवं तीर्थ पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण एवं रुद्राक्ष की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर बाबा श्री केदारनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर समस्त देशवासियों की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। एक दिवसीय केदारनाथ भ्रमण पर पहुचें प्रमुख सचिव प्रधानमंत्री भारत सरकार पीके मिश्रा, प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे, मुख्य सचिव उत्तराखंड सरकार एसएस संधु, उप सचिव पीएमओ मंगेश घिल्डियाल, पर्यटन विभाग उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे करीब 9 बजे वायु सेना के हेलिकॉप्टर से वीआईपी हैलीपैड पर पहुचें। जिसके बाद उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर धर्मपत्नी के साथ बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर समस्त विश्व एवं जन कल्याण की कामना की। करीब 30 मिनट की पूजा अर्चना के बाद उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण शुरू किया। इसी बीच उन्होंने तीर्थ पुरोहित समाज से मुलाकात कर केदारनाथ धाम के विकास कार्यों के लिए उनके सुझाव लिए एवं समस्याएं भी सुनी। सर्वप्रथम उन्होंने मुख्य सचिव से केदारपुरी में बने पुराने एवं नए आवासों की बनावट एवं क्षमता की जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने ईशानेश्वर मंदिर एवं भीम शिला के दर्शन किए। इस दौरान मुख्य सचिव ने उन्हें आपदा के समय भीम शिला ने कैसे मंदिर की रक्षा की यह जानकारी दी। इसके पश्चात् उन्होंने शंकराचार्य समाधि के दर्शन कर निर्माणाधीन शिव उद्यान का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर एडीएम बीर सिंह बुदियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी केडीए योगेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, सीओ विमल रावत, कार्यकारी अधिकारी आरसी तिवारी, एसएचओ केदारनाथ मंजुल रावत, केदार सभा के राजकुमार तिवारी समेत अन्य तीर्थ पुरोहित, अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# चरस सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नशा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर शाम 220 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्करी नशीले पदार्थो की सप्लाई हेतू आने वाला है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को फरकपुर तिराहे के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा।

इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 220 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम लालाराम पुत्र दयाराम निवासी डाडापट्टी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# नकली दवा फैक्ट्री प्रकरणः डेढ लाख नकली टैबलेट्स व कैप्सूलों को दिल्ली में किया जब्त



संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने पकडी गयी नकली दवा फैक्ट्री से सप्लाई की गयी 20 लाख की दवायें दिल्ली से जब्त कर ली।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि 14 अक्टूबर को थाना रायपुर पुलिस तथा एसओजी की संयुक्त टीम के द्वारा जनपद देहरादून तथा हरिद्वार में नकली दवाओं की फैक्ट्री पर छापा मारते हुए भारी मात्रा में नकली दवाओं को बरामद किया गया था, जिसमें मुख्य आरोपी सचिन शर्मा की गिरफ्तारी की गई थी। प्रकरण की जांच की दौरान आरोपी के बैंक खातों से लाखो रूपये के बैंक ट्रांजेक्शन का होना तथा आरोपी द्वारा विगत 02 वर्षो में लगभग 07 करोड रूपये मूल्य की नकली दवाओं की खेप को देश के अलग-अलग राज्यों में लगभग 44 स्थानों पर सप्लाई किया जाना प्रकाश में आया था, आरोपी द्वारा अपनी कम्पनी एसएस मेडीकोज के माध्यम से जिन फर्मो को नकली दवाओं की सप्लाई की गई थी उनके सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गई, जिसमें पुलिस को सचिन शर्मा के नाम से रजिस्टर्ड फर्म एसएस मेडीकोज के द्वारा माह सितम्बर में दिल्ली की तीन कम्पनियो भारत मेडीकोज, श्री बालाजी मेडीकोज तथा आर.जी.फार्मा को लगभग 01 करोड 85 लाख रूपये की नकली दवाइयां सप्लाई किये जाने की जानकारी मिली, जिस पर तत्काल स्पेशल टीम का गठन कर उन्हें गैर राज्यों को रवाना किया गया। टीम द्वारा मुकदमा वादी व संबंधित अधिकारियों के साथ दिल्ली स्थित उक्त तीनों कम्पनियो में छापेमारी की कार्यवाही करते हुए नकली दवाओं की सप्लाई से सम्बन्धित दस्तावेज प्राप्त किये गये। जिसमें श्री बालाजी फार्मा के मालिक नितिन अरोडा तथा आर.जे. फार्मा के मालिक रवि बर्नवाल से प्राप्त दस्तावेजों से एस.एस. मेडीकोज द्वारा श्री बालाजी फार्मा को लगभग 97 लाख रूपये तथा आर.ज.0 फार्मा को लगभग 28 लाख रूपये मूल्य की कीमत की नकली दवाइयां सप्लाई किया जाना ज्ञात हुआ। जिनको उनके द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार तथा दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर विक्रय किये जाने की जानकारी मिली। एक अन्य कम्पनी भारत मेडीकोज दिल्ली में छापेमारी के दौरान उक्त कम्पनी के मालिक भरत अरोडा द्वारा सचिन शर्मा की कम्पनी एसएस मेडीकोज से लगभग 60 लाख रूपये मूल्य की दवाइंया क्रय किये जाने से सम्बन्धित दस्तावेज उपलब्ध कराये गये। जिनमें से लगभग 40 रूपये मूल्य की दवाइयो को भारत मेडीकोज द्वारा लखनऊ, दिल्ली, बनारस, सिलिगुडी तथा बिहार में विभिन्न स्थानो पर बेचना पाया गया। शेष 20 लाख रूपये मूल्य की नकली दवाइयों को पुलिस द्वारा उनके गोदाम से जब्त किया गया।

## एक नजर

# भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नि सहित 5 की दर्दनाक मौत

नोएडा । नोएडा के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर आज भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक कार को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, घायलों को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में तीनों जख्मी बच्चे हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है।




पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले पांचों झारखंड के पलामू के रहने वाले थे। मृतकों के नाम उपेंद्र बैठा, बिजेंद्र बैठा, कांति देवी, कुव ज्योति और सुरेश हैं। उपेंद्र बैठा और बिजेंद्र बैठा भाई हैं। कांति देवी बिजेंद्र बैठा की पत्नी हैं। कुव ज्योति जिसकी उम्र 12 साल बताई जा रही है, वह बिजेंद्र बैठा की बेटी थी। इस हादसे में जान गंवाने वाले सुरेश की उम्र 45 साल बताई जा रही है, उसके पिता का नाम श्रीकांत कामत बैठा है। इस हादसे में तीन बच्चे जख्मी हुए हैं। उनके नाम सूरज, आयुष और आर्यन हैं। सूरज के पिता का नाम उपेंद्र बैठा है, वहीं आयुष और आर्यन के पिता का नाम बिजेंद्र बैठा है, जिसकी हादसे में मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि हादसे में जख्मी सूरज की उम्र 16 वर्ष है। वहीं, आयुष की उम्र आठ साल बताई जा रही है, जबकि आर्यन का उम्र 10 साल है। गौतमबुद्धनगर पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक बजे के करीब हुआ।

# इंजीनियरिंग कॉलेज के एक कार्यक्रम में जय श्री राम बोलने पर छात्र को मंच से उतारा

गाजियाबाद । उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक इंजीनियरिंग कॉलेज के एक कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। इस वीडियो में एक छात्र ने मंच पर खड़े होकर जय श्री राम का नारा लगाया। जिसके बाद वहां बैठी महिला प्रोफेसर भड़क उठी और छात्र को जमकर फटकार लगा दी। महिला प्रोफेसर ने छात्र को इसके बाद मंच से ही उतार दिया। जानकारी के




मुताबिक यह वीडियो एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज का है। यहां पर इंडक्शन कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच एक छात्र मंच पर पहुंचा तो क्राउड में से जय श्री राम की आवाजें आने लगी। इसी के रिप्लाई में छात्र ने भी जय श्री राम भाई बोल दिया। जैसे ही छात्र ने मंच पर खड़े होकर माइक से जय श्री राम बोला, वहां मौजूद स्टाफ में से एक महिला प्रोफेसर भड़क उठीं। महिला प्रोफेसर ने छात्र को डांट लगाते हुए कहा कि क्या आपको यह मंच नारा लगाने के लिए दिया है? आपने जय श्री राम कैसे बोला? छात्र ने इसके जवाब में उनसे कहा कि छात्रों की ओर से आवाजें आ रही थीं, जिसके बाद मैंने रिप्लाई कर दिया। महिला प्रोफेसर छात्र की बातें सुनकर और भड़क उठीं। उन्होंने इसके बाद उसे मंच से उतार दिया।

# अमेरिका में पगड़ी पहने नाबालिग सिख की पिटाई, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। अमेरिका में पगड़ी पहने एक नाबालिग सिख की पिटाई का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पगड़ी पहने हुआ नाबालिग बस में सफर कर रहा था। इस दौरान एक अमेरिकी ने नाबालिग पर हमला कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को हेट क्राइम से संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आरोपी की पहचान क्रिस्टोफर फिलिपो के रूप में हुई है, जिसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। दो साल तक जेल



में रहने के बाद जुलाई 2021 में उसे पैरोल पर सशर्त रिहा किया गया था। अब एक बार फिर आरोपी ने 15 अक्टूबर को क्वींस में 118वीं स्ट्रीट और लिबर्टी एवेन्यू के पास नाबालिग पर हमला किया। पुलिस के अनुसार, फिलिपो ने न्यूयॉर्क सिटी एमटीए बस में सिख लड़के से उसकी पगड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि हम इस देश में इसे नहीं पहनते हैं। आरोपी ने नाबालिग से पगड़ी उतारने को कहा। पुलिस के असार, आरोपी ने नाबालिग के चेहरे, पीठ और सिर के पीछे मुक्के से हमला किया। पिटाई के बाद नाबालिग के चेहरे और सिर पर गहरी चोटें आई हैं। कहा जा रहा है कि आरोपी ने जबरन नाबालिग के सिर से पगड़ी हटाने की कोशिश की। अमेरिकी युवक के हमले के बाद पीड़ित सिख ने कहा कि वह इस हमले से स्तब्ध और क्रोधित है। नाबालिग ने कहा कि किसी को भी इस वजह से परेशान नहीं किया जाना चाहिए कि वह कैसा दिखता है।

# महिला ने प्रेमी से करायी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। प्रेमी से पति की हत्या कराने वाली महिला प्रेमी संग गिरफ्तार। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अक्टूबर को डाकपत्थर क्षेत्रान्तर्गत जलालिया पीर के पाय यमुना में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। जिसके शरीर पर चोट व खरोंच के निशान थे। मृतक की शिनाख्त उसके भाई नितिन कुमार द्वारा अपने भाई अरूण कुमार उर्फ जुगनू निवासी बुलाकीवाला के रूप में की गयी। मृतक के शरीर पर चोट व खरोंच के निशान देख उसने अपने भाई की हत्या किये जाने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो मृतक अरूण कुमार का परम सिंह नामक व्यक्ति के साथ जाना ज्ञात हुआ। जिसके बाद पुलिस ने परम सिंह को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने मृतक की पत्नी रमिता के कहने पर अरूण की हत्या की थी। परम सिंह ने पुलिस को बताया कि वह हलवाई का काम करता है तथा शादी ब्याह में काम के सिलसिले में विकासनगर आता रहता है। मृतक की पत्नी रमिता से उसकी मुलाकात एक वर्ष पूर्व एक विवाह समारोह के दौरान




ग्रीन व्यू होटल में हुई थी। जहां वो शादी में काम के सिलसिले में आई हुई थी। जिसके बाद दोनों में अक्सर बातचीत होने लगी तथा दोने अक्सर विकासनगर में कालिंदी अस्पताल के पास एक होटल में मिलने लगे।

इस दौरान रमिता द्वारा उसे बताया गया कि उसका पति अरूण जो सब्जी की ठेली लगाने का कार्य करता है अक्सर शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है यदि उसको रास्ते से हटा दिया जाए तो वह दोनों आसानी से एक दूसरे के साथ रह सकते हैं। इसके बाद अक्सर रमिता से होने वाली मुलाकातों के दौरान वह अपने पति को रास्ते से हटाने का दबाव डालने लगी तथा ऐसा ना करने पर उसको जेल भेजने की धमकी देने लगी। जिसके बाद रमिता के साथ मिलकर उसके पति को रास्ते से हटाने की योजना बनायी गयी। योजना के अनुसार 18 अक्टूबर को वह अपने कारीगरों के साथ ट्रेन से सहारनपुर से देहरादून आया तथा अपने कारीगरों को विकासनगर में एक समारोह स्थल पर छोडकर अरूण को फोन कर मिलने के लिए बुलाया। विकासनगर में एक देशी शराब के ठेके से उसने एक बोतल खरीदी तथा अरूण के आने पर उसके साथ जलालिया होते हुए यमुना नदी के किनारे गया। वहां पर उसने अरूण को शराब पिलाई तथा जैसे ही अरूण बाथरूम करने के लिए नदी के किनारे गया उसके द्वारा पीछे से अपने पास रखे गमछे से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और शव को यमुना नदी में फेंक दिया। इसके बाद वह उसकी मोटरसाईकिल को लेकर विकासनगर आया और रसूलपुर में मोटरसाईकिल खडी करके वहां से चला गया। उसने रमिता को फोन से घटना की जानकारी दे दी थी।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नारायणपुरी में हो रहे अवैध निर्माण दे रहे हैं आपदाओं को आमंत्रण

## ❑ मास्टर प्लान की आड़ में बन रही है बहुमंजिला इमारतें

विशेष संवाददाता

चमोली। बद्रीनाथ धाम में चल रहे मास्टर प्लान के तहत किये जा रहे निर्माण कार्यों की आड़ में जो अवैध निर्माण हो रहा है वह नारायणपुरी के लिए अभिशाप साबित हो रहा है अगर इन निर्माण कार्यों को सख्ती से नहीं रोका गया तो आने वाले समय में इसके नतीजे भी 2013 में आई केदारपुरी आपदा या फिर जोशीमठ की भूधसाव जैसी आपदा जैसे सामने आ सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केदारपुरी के नवनिर्माण के बाद नारायणपुरी के सौंदर्यीकरण के लिए बनाए गए मास्टर प्लान के तहत यहां धाम में अनेक काम किये जा रहे हैं। मंदिर के आसपास के क्षेत्र में यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने उनके ठहरने, खाने-पीने और शौच आदि की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए बाजार से लेकर अलकनंदा नदी के तट को सजाने संवारने के लिए बड़े स्तर पर निर्माण कार्य किये जा रहे हैं लेकिन यहां चल रहे मास्टर प्लान की आड़ में तमाम तरह के अवैध निर्माण कार्य भी किये जा रहे है। जिसके कारण कुछ लोग यहां बड़े-बड़े भवनों का निर्माण कर रहे हैं होटल और लॉज बनाये जा रहे हैं हालात यह है कि यहां कई मंजिलों की इमारतें बन चुकी है।



बद्रीनाथ धाम में होने वाले इन निर्माण कार्यों के बारे में जिलाधिकारी चमोली का कहना है कि इस पर नजर रखी जा रही है तथा जो अवैध निर्माण और समतलीकरण का काम हो रहा है उसे सीज किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी अवैध निर्माण पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है तो इसका सीधा आशय है कि शासन प्रशासन द्वारा कहीं न कहीं इसमें लापरवाही बरती जा रही है।

अभी जोशीमठ में भूधसाव के कारण इस ऐतिहासिक नगर के अस्तित्व पर जो खतरा आया हुआ है उससे हम सभी वाकिफ है 10 वैज्ञानिक संस्थानों की सर्वे रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की जा चुकी है कि जोशीमठ भू धसाव का प्रमुख कारण यहां हुआ अनियोजित विकास और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ तथा भूमि की वहन क्षमता से अधिक निर्माण कार्य ही है। अब वही काम सौंदर्यीकरण के नाम पर हो रहे नवनिर्माण और उसकी आड़ में किये जा रहे अवैध निर्माण के जरिए किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन एनडी तिवारी सरकार के कार्यकाल में कराई गई एक सर्वे में यहां कोई नवनिर्माण न करने की बात कही गई थी बावजूद इसके नारायणपुरी में भव्य इमारतो का बनना प्राकृतिक आपदा को निमंत्रण देने जैसा ही है। अगर इन अवैध निर्माणों पर रोक नहीं लगाई जाती है तो हमें केदारपुरी और जोशीमठ जैसी आपदाओं के लिए तैयार रहना चाहिए।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*